भारत सरकार
अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 3144
उत्तर देने की तारीख : 12.03.2020

प्रधानमंत्री जन विकास योजना

3144. श्री धर्मेन्द्र कश्यपः

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) "प्रधानमंत्री जन विकास योजना" के अंतर्गत देश में कुल कितने लोग लाभान्वित हुए हैं;

(ख) उत्तर प्रदेश के कितने लोगों को उक्त योजना के अंतर्गत लाभ मिला है; और

(ग) उक्त योजना के अंतर्गत बरेली डिवीजन और संसदीय क्षेत्र आंवला में लाभ प्राप्त कर रहे लोगों की संख्या और ब्यौरा क्या है?

उत्तर

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री
(श्री मुख्तार अब्बास नकवी)

(क), (ख) और (ग): अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने देश भर में 1300 अभिज्ञात अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों (एमसीए) में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पीएमजेवीके), जिसे पहले बहु–क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम (एमएसडीपी) के रूप में जाना जाता था, कार्यान्वित किया है। एमसीए की पहचान अल्पसंख्यक आबादी की बहुलता और राष्ट्रीय औसत की तुलना में उस क्षेत्र के पिछड़ेपन के आधार पर की जाती है। योजना के अधीन शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास के क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के सृजन से संबंधित परियोजनाओं को इन क्षेत्रों के लिए 80% संसाधन निर्धारित करते हुए प्राथमिकता दी जाती है। इसके अतिरिक्त, बालिकाओं/महिलाओं के लिए सुविधाएं सृजित करने के लिए संसाधनों का 33–40% भी निर्धारित किया जाता है।

पीएमजेवीके एक क्षेत्र विकास कार्यक्रम होने के नाते अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्र में रहने वाली अल्पसंख्यक समुदायों की आबादी सहित संपूर्ण आबादी को परियोजनाओं के लाभार्थी के रूप में समझा जाता है। इस समय बरेली जिले के 11 एमसीए सहित उत्तर प्रदेश के 249 अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों को इस कार्यक्रम के अधीन कवर किया जाता है। इस योजना का विवरण मंत्रालय की वेबसाइट www.minorityaffairs.gov.in पर उपलब्ध है।

उत्तर प्रदेश में योजना के आरंभ से अनुमोदित यूनिटों की किस्म और संख्या निम्नानुसार है:–

क्र.सं.	परियोजना	उत्तर प्रदेश में स्वीकृत इकाइयों की संख्या
1	स्कूल	615
2	कालेज	24
3	स्वास्थ्य केंद्र	1079
4	छात्रावास	42
5	पेयजल सुविधाएं	13179
6.	पॉलिटेक्निक	27
7	आईटीआई	87
8	अस्पताल/मेडिकल कॉलेज	1
9	मार्केट शेड	1
10	सद्भाव मंडप	30
11	कौशल विकास केंद्र	2

******